6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण
अमर उजाला
राजधानी • वर्ष 18 | अंक 197 | पृष्ठ: 20+6 | मूल्य: चार रुपये
नई दिल्ली | रविवार, 25 अक्तूबर 2020

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

गौड़ यमुना सिटी में गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ

जेवर। यमुना एक्सप्रेस-वे स्थित गौड़ यमुना सिटी में शनिवार को गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जेवर के एमएलए धीरेंद्र सिंह मौजूद रहे। गौड़ ग्रुप के स्कूल की यह दूसरी ब्रांच है। यह स्कूल लगभग 50 करोड़ की लागत से बनाया गया है। इसमें अभी नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी। जल्द ही छठी, सातवीं और आठवीं की भी कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। गौड़ इंटरनेशनल स्कूल प्रधानमंत्री की मुहिम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम से जुड़ा है और ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ब्रांच में 320 से ज्यादा जरूरतमंद छात्राओं को शिक्षा के साथ अन्य सुविधाएं दे रहा है। इस मौके पर गौड़ ग्रुप के चेयरमैन बीएल गौड़, एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ आदि उपस्थित रहे। डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि हम सिद्धार्थ विहार में भी गौड़ इंटरनेशनल स्कूल का एक अन्य ब्रांच की शुरुआत करेंगे।